reduced by collection charges not exceeding 12 per cent of the total collection within the State.

एल. पी. जी. एजेंसियों और पेट्रोल पम्पों को खोलने में विलम्ब

*46. **चौधरी हरमोहन सिंह :**
श्री आस मोहम्मद :

क्या पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि किसी क्षेत्र में एल.पी.जी. एजेंसी तथा पेट्रोल पम्प स्थापित करने में एक से दो वर्ष का समय लग जाता है ;

(ख) यदि हां, तो इस विलम्ब के क्या कारण हैं; और

(ग) सरकार ने इस प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए क्या प्रयास किए हैं ?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के राज्य मंत्री (कैप्टन सतीश शर्मा) : (क) और (ख) सामान्य परिस्थितियों में किसी खुदरा बिक्री डीलरशिप अथवा एल.पी.जी. डिस्ट्रीब्यूटरशिप को आशय पत्र जारी किए जाने की तिथि से लगभग 6 से 8 माह के समय में चालू किया जा सकता है। परन्तु, कई मामलों में निम्नलिखित कारणों से इन्हें चालू करने में विलम्ब हो जाता है :

(1) विशेषकर महानगरों में उपयुक्त स्थल उपलब्ध न होना/भूमि अर्जन में विलम्ब ।

(2) आशय पत्र धारकों को होने वाली वित्तीय कठिनाइयां ।

(3) अनापत्ति प्रमाणपत्र/सांविधिक अनुमोदन प्राप्त करने में विलम्ब ।

(4) डीलरों के चयन के विरुद्ध दायर किए गए न्यायिक मामले ।

(ग) डीलरशिपों/डिस्ट्रीब्यूटरशिपों को शीघ्र चालू करने के लिए किए गए उपाय निम्नवत हैं :—

(1) राज्य/संघ राज्य सरकारों से डीलरशिपों/डिस्ट्रीब्यूटरशिपों के अनुरोध पर विकास के लिए उपयुक्त भूमि उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया है।

(2) अनुसूचित जाति / जनजाति आबंटितियों के मामले में जहां भूमि उपलब्ध नहीं है, तेल कंपनियों को संग्रह धनराशि योजना के अंतर्गत शीघ्र निजी भूमि का अर्जन करने की सलाह दी गई है ।

(3) विशेषकर अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति श्रेणी के अंतर्गत डीलरशिपों/डिस्ट्रीब्यूटरशिपों को चालू करने के संबंध में तेल कम्पनियों द्वारा की गई प्रगति की तिमाही समीक्षा की जाती है।

(4) डीलरशिपों/डिस्ट्रीब्यूटरशिपों को चालू किए जाने की प्रगति की समीक्षा करने और शीघ्रातिशीघ्र उन्हें चालू करने के लिए प्रत्येक कंपनी में एक निगरानी प्रकोष्ठ का सृजन भी किया गया है ।

(5) तेल कम्पनियों को, विभिन्न अनुमोदनों/अनापत्तियों आदि की प्राप्ति और बैंक ऋणों आदि की व्यवस्था में आबंटितियों को सुविधा देने और सहायता करने के अनुदेश दिए गए हैं।

Allotment of New LPG Connections

*47. SHRI IQBAL SINGH: Will the Minister of PETROLEUM AND NATURAL GAS be pleased to state:

(a) whether Government have set any targets to provide new LPG connections in the country during 1994-95;

(b) if so, the details thereof, and

(c) what effective measures Government propose to take to achieve the said targets?